तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मोहरेंगा के जिला शाला प्रवेशोत्सव में मंत्री बघेल ने छात्र-...



10 इंडस्ट्री के नाम पर चौबीस करोड़ स्वाहा न रोजगार...



## खबर संक्षेप

### अब शालाएं आज से सुबह 7 बजे से लगेंगी

**बेमेतरा।** सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश की समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय शालाएं आज 16 जून से प्रारंभ हो गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही तीव्र गर्मी को देखते हुए छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव की आशंका के मद्देनज़र राज्य शासन द्वारा स्कूलों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर से जारी आदेश के अनुसार अब दिनांक 17 जून 2025 से 21 जून 2025 तक सभी प्रकार की शालाओं में कक्षाएं प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि दिनांक 23 जून से कक्षाएं पुनः सामान्य समयानुसार संचालित होंगी।यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण के दृष्टिगत एहतियातन लिया गया है।

### दो दुकानों पर जुर्माना

**भिलाई।** घरों में साज-सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरा को फेक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की। इसके बाद संबंधित दुकान की तलाश की। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही बालाजी प्लाई-हार्डवेयर, फोम के संचालक ने कचरा फेकना स्वीकार किया। इसी तरह केशवानी टाइल्स ने भी डस्ट सड़क किनारे डालने की बात कही। दोनो व्यापारियों से 2000-2000 जुर्माना वसूला गया।

### टाउनशिप में स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था हो दुरुस्त

**भिलाई।** एचएमएस यूनियन ने डायरेक्टर इंचार्ज से की मांगभिलाई। भिलाई हिन्द मजदूर सभा (एचएमएस ) ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से टाउनशिप और मजदूरों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है। श्रमिकों की मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा ,स्वास्थ्य और शिक्षा की पूरी तरह से अनदेखी से बीएसपी कर्मियों की परेशानी बढ़ रही है। पच्चीसों स्कूल बंद कर दिए गए स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी बद्तर हो गई है।यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बताया कि बीएसपी के नए डायरेक्ट इंचार्ज से कर्मचारियों िक व्याप्त समस्याओं के त्वरित समाधान की आशा है। बताया कि बीएसपी स्कूलों में शिक्षकों की नियमित भर्ती वर्षों से नहीं होने संविदा शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। गिनती के ही स्कूल बचे हुए हैं। निजी स्कूलों को पूरी सुविधा मुफ्त में प्रदान की जा रही है, जिसका कोई भी लाभ संयंत्र कर्मचारियों के बच्चों को नही मिलता। अधिकांश निजी स्कूलों ने संयंत्र द्वारा प्रदान की जमीन से ज्यादा जमीनों पर अतिक्रमण कर रखा है। जिस पर प्रबंधन की चुप है ।

### खामियां निकालकर कर रहे अवैध वसूली

**भिलाई।** भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा है कि निगम के अधिकारी वैशालीनगर क्षेत्र में वसूली करने के लिए नोटिस भेज रहे हैं। निरन्तर किसी ना किसी निगम के अधिकारियों को राजनीतिक दबाव दे कर यहां रह रहे सम्पत्ति करदाता को परेशान किया जा रहा है। कभी अवैध बिल्डिंग या बिल्डिंग परमिशन की खामियां बोल कर नोटिस भेज कर अवैध वसूली का धंधा चल रहा है। सिन्हा ने आरोप लगाया है कि नगर के बड़े जनप्रतिनिधियों के द्वारा शहर सरकार के महापौर के इशारे में यह काम जारी है।

# गतका स्पर्धा में बेमेतरा के खिलाड़ियों को मिला एक स्वर्ण एवं 5 कांस्य पदक

## छत्तीसगढ़ ने दिल्ली में लहराया परचम, गतका चैम्पियनशिप में पंजाब के बाद दूसरे स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 पदक अपने नाम किए। इनमें 8 स्वर्ण, 27 रजत और 35 कांस्य पदक शामिल हैं। छत्तीसगढ़ ने इस प्रदर्शन के साथ पंजाब के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 91 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। अंडर-14 गर्ल्स सिंगल सोटी स्पर्धा में प्रिया यदु ने कांस्य पदक हासिल किया।

अंडर-19 ब्वॉयज टीम में नीरज और साहिल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। अंडर-22 गर्ल्स सिंगल सोटी टीम में नेहा, आरती, राजकुमारी और रोशनी यदु ने कांस्य पदक जीता। वहीं, अंडर-22 फरी सोटी टीम इवेंट में पंचवटी टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुनील, टिकेश्वर, कमलेश्वरी और अक्षय सेन ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।



**किया कमाल:** इस प्रकार बेमेतरा जिले ने 1 स्वर्ण और 5 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिला गतका संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह, सचिव अजय वर्मा, मृत्युंजय शर्मा, दिनेश शर्मा, उपेन्द्र सेंगर, छतरपाल, नारायण और वेदराम सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी।गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह भी दिल्ली पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल से विशेष मुलाकात की और गतका के भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा की। छत्तीसगढ़ की ओर से ग्रेवाल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, संगठन के महासचिव जसवंत सिंह खालसा का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया।

## अपराध : आरोपी ने खुद किया थाने में सरेंडर, हिरासत में पूछताछ जारी

# पुरानी रंजिश के चलते लूकगांव में युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःबेमेतरा/परपोड़ी



■ अवैध संबंध के चलते छह महीने पूर्व धीराज को जेल भी जाना पड़ा था

बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना अंतर्गत लूक गाँव से रविवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने समूचे इलाके को सन्न कर दिया। गांव के गौठान के पास हुई इस वारदात में 32 वर्षीय मुन्ना उर्फ अक्षय कोतवाल ने पुरानी रंजिश के चलते 35 वर्षीय धीराज वर्मा की बेरहमी से कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। हत्या के तुरंत बाद आरोपी ने परपोड़ी थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**पुरानी रंजिश और अवैध संबंधों की आशंकाः** स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरोपी मुन्ना और मृतक धीराज वर्मा के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही थी। बताया जा रहा है कि धीराज के मुन्ना की पत्नी से अवैध संबंध थे, जिसके चलते लगभग छह महीने पूर्व धीराज को जेल भी जाना पड़ा था। जेल से रिहा होकर एक माह पूर्व गाँव लौटे धीराज की मौत से गांव में दहशत फैल गई है। माना जा रहा है कि इसी पुरानी दुश्मनी और मान-सम्मान के विवाद के चलते आरोपी ने दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से हमला कर धीराज की हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार वारदात के वक्त स्कूल के पास स्थित गौठान में कुछ बच्चे भी मौजूद थे, जिससे घटना ने और भयावह रूप ले लिया।

**पुलिस ने की त्वरित कार्रवाईः** बेरला अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर रवाना हुआ और स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। गाँव में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की तैनाती की गई है।

आरोपी मुन्ना को हिरासत में लेकर हत्या के तहत अपराध दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है, जिसमें पारिवारिक विवाद, सामाजिक प्रतिष्ठा और अवैध संबंधों के कारणों को शामिल किया गया है।

### गाँव में दूसरी बड़ी हत्या

गौरतलब है कि ग्राम लूक में यह वर्ष भर में दूसरी हत्या की वारदात है। पिछले साल इसी गाँव में एक नवविवाहिता महिला की हत्या हुई थी, जिसका आरोपी अब तक फरार है। एक और हत्या की घटना ने गाँव के लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

### मासूम बच्चों का टूटा आशियाना

मृतक धीराज वर्मा के दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी आंखों से पिता का साया छिन गया। परिवार में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर आरोपी मुन्ना भी एक बच्चे का पिता है और गाँव के सरपंच सुभाष कुमार का छोटा भाई बताया जा रहा है।

### क्या बोले ग्रामीण?

एक स्थानीय बुजुर्ग ने बताया कि यह रंजिश पुरानी थी। गाँव के लोग इस झगड़े से वाकिफ थे, पर किसी ने सोचा न था कि यह इस कदर खूनी मोड़ ले लेगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले की तह तक पहुंचकर चार्जशीट तैयार की जाएगी। फिलहाल, गाँव में भय और अफवाह का माहौल है।

## ग्राम अमलडीहा में सहदेव की मौत आत्महत्या नहीं, हत्या की साजिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कांग्रेस जिला अध्यक्ष छाबड़ा के साथ परिजनों ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

जिले के मारो चौकी अंतर्गत ग्राम अमलडीहा में बीते 31 मई में सहदेव साहू का शव ग्राम स्थित पेड़ पर फंदे से लटके हुए मिला था जिसे परिजनों ने आत्महत्या ना मानते हुए इसे सुनियोजित हत्या की आशंका जताई थी। इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधित्व मंडल पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

निष्पक्ष जांच की मांग के पश्चात कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि परिजनों का यह स्पष्ट मानना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है ।इस दौरान श्री छाबड़ा ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपराधियों के हौसले बुलंद है हर रोज हत्या बलात्कार लूटपाट अराजकता की घटनाएं सामने आ रही है शासन प्रशासन हाथ में हाथ रखे बैठा है ,ऐसा लग रहा है मानो यह सब भाजपा के जन-प्रतिनिधियों के इसारे पर हो रहा है । सहदेव साहू को न्याय दिलाने की लड़ाई अब उसके एक परिवार की लड़ाई नहीं रह गई कांग्रेस कमेटी सहदेव साहू को न्याय दिलाने के लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगी यह लड़ाई भारत में रहने वाले न्याय प्रिय जनता की लड़ाई है और जनहित के लिए कांग्रेस हमेशा तत्पर है । उन्होंने बताया कि वे पीड़ित पक्षों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से भेंट की तथा उन्हें मामले से संबंधित ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जल-वन-जन अभियान के तहत निकाली पदयात्रा जन जागरूकता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पौधारोपण, जल का संचय और संरक्षण सुनिश्चित करना होगा

जल-वन-जन "एक प्राकृतिक बंधन" अभियान के अंतर्गत सोमवार जिला मुख्यालय में जन-जागरूकता पर पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर पुनः वहीं समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू रहे। उन्होंने रैली समापन के पश्चात मौजूद जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया एवं जिले में जल संकट के कारणों को रेखांकित करते हुए आगामी जुलाई माह में वृक्षारोपण अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह रैली जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में एक साथ आयोजित की गई, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को जल एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

### भाषण की नहीं समझदारी जरूरी

विधायक दीपेश साहू ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भाषण की नहीं, समझदारी की आवश्यकता है। बेमेतरा जिले में जल संकट गहराता जा रहा है, और इससे निपटने के लिए जन-जागरूकता ही सबसे सशक्त उपाय है। हमें अधिकाधिक वृक्षारोपण करना होगा, जल का संचय और संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। जिले को हराभरा बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक घर और कार्यालय में वर्षा जल संचयन प्रणाली (वाटर हार्वेस्टिंग) अपनाई जाए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा – जल है तो कल है। जल संकट से निपटना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के लिए आगे आना होगा ।छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक एवं अन्य अतिथियों ने भी पानी एवं पेड़ के महत्व को रेखांकित करते हुए जनसहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील झा और आभार व्यक्त एसडीएम प्रकाश भारद्वाज ने किया ।

रैली में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष, राजेन्द्र शर्मा, नगरपालिका पार्षद पंचु साहू, रोशन दत्ता, विकास तमोली, सुश्री नीतू ठाकुर सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## 28 एकड़ शासकीय जमीन से हटाया गया बेजा कब्जा



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** तहसील खमरिया में 28 एकड़ जमीन पर बेजा कब्जा कर ग्राम कुरूद में 712 खसरा नंबर हल्का नंबर 4 पर लगभग 20 साल से खेती की जा रही थी। ग्राम सरपंच देवजानी रोहित पटेल, उप सरपंच प्रकाश चंद्राकर, पंच गौरी पुनीत पटेल व पंचों की सहमति से ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कर तहसीलदार से कब्जा मुक्त किए जाने सौंपा गया था।

तहसीलदारमोरध्वज साहू पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल साथ में ले जाकर बेजा कब्जा से मुक्त कराया गया।उन्होंने बताया कि इस जमीन पर अनाधिकृत रूप से ग्राम के कुलेश्वर, गंगा प्रसाद लोधी, गिरधर दास वैष्णव, भरत दास, कृष्णा पटेल, बलिराम पटेल, दुर्गा पटेल, गोरे निषाद, कामता निषाद, इटा भट्टा वालों ने कब्जा कर रखा था। यहां तक अतिक्रमण कार्यों ने इस जमीन में बोर कर विधिवत खेती भी शुरू कर दी थी। जिसे हल्का पटवारी व पुलिस बल के सहयोग लेते हुए, अतिक्रमण बेजा कब्जा ▶▶| शेष पेज 11 पर

## नालसा संचालित जागृति, संवाद व डान योजना पर की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन ।प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव निधि शर्मा के निर्देशन में विश्राम गृह आयोजित उक्त कार्यशाला में विशेष यूनिट जागृति, हासिए पर पड़े, कमजोर आदिवासियों और विमुक्त / घुमंतू जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत संवाद एवं जागरूक्ता और कल्याण नेविगेशन नशा मुक्त भारत के लिए विशेष डान योजना मूल उद्देश्य रहा । कार्यशाला में विशेष यूनिट के सदस्य प्रथम अति. एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार,कलेक्टर रणबीर शर्मा, रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक , अनिल बाजपेयी अपर कलेक्टर, टेकचंद अग्रवाल जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण विभाग, जिला चिकित्सा विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निमार्ण विभाग, जिला कृषि विभाग, पैनल अधिवक्ता एवं अधिकार मित्रों की मौजूदगी रही । कार्यशाला में प्रधान जिला न्यायाधीश ने विचार व्यक्त किया कि नालसा द्वारा संचालित ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अतरिया मोड़ पर पेड़ गिरने से स्टेट हाईवे पर 2 किमी लंबा जाम

# तूफान के साथ झमाझम बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़



रविवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। करीब 5 बजे के आसपास आसमान में काले बादल घिर आए और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते तेज हवाओं के बीच झमाझम बारिश ने पूरे जिले में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया।

सबसे ज्यादा असर बेमेतरा-नवागढ़ मार्ग पर देखने को मिला, जहां अतरिया मोड़ के पास अचानक एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर पड़ा। यह पेड़ गिरते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ ही देर में लगभग 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

**वाहन चालकों और राहगीरों को हुई भारी परेशानीः** पेड़ गिरने से दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की रफ्तार थम गई। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हुई, जो बारिश से भीगते हुए जाम में फंसे रहे। कई वाहन चालक पेड़ के दोनों ओर से बाइक और साइकिल निकालने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन फिसलन और कीचड़ के कारण उन्हें भी सफलता नहीं मिली।

**सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनः** स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। करीब आधे घंटे बाद ट्रैफिक पुलिस और नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ को हटाने का काम शुरू किया गया। तकरीबन डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद रास्ता साफ किया गया और वाहनों की आवाजाही बहाल हो सकी।

### स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर कई पुराने और कमजोर पेड़ हैं, लेकिन उनकी छंटाई या देखरेख नहीं की जाती। हर साल आंधी और बारिश में इस तरह के हादसे होते हैं, लेकिन प्रशासन कोई स्थायी समाधान नहीं करता। ग्रामीणों ने मांग की है कि अतरिया मोड़ सहित पूरे मार्ग पर पेड़ों की छंटाई और सड़क के किनारों की साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

इस बीच मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों तक जिले में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवा चलने की संभावना जताई है। नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

## खबर संक्षेप

### यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने बढ़ते ट्रैफिक दबाव से निजात दिलाने दुर्ग में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व्यापक कार्ययोजना तैयार करने की मांग कलेक्टर से की है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा की दुर्ग के लगभग सभी चौक चौराहों पर रोज जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर नौकरी पेशा वर्ग को रोज लेटलतीफी का शिकार होना पड़ता है। बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण सड़कों पर जाम, दुर्घटनाएं और यातायात नियमों का उल्लंघन आम हो गया है, जो न केवल नागरिकों के लिए असुविधा का कारण है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी प्रभावित कर रहा है। इस संबंध में ट्रैफिक विभाग भी कोई खास कार्रवाई करते नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक कर्मियों द्वारा यातायात सुधारने के नाम पर चौराहों पर चालान काटकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की इतिश्री कर ली जाती है। जिससे शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था से हर कोई परेशान हो गया है। इसलिए जिला प्रशासन को बेहतर सार्वजनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान महज खानापूर्ति के लिए चलाया गया, वह अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया। जिस वजह से आए दिन सड़क मे आवारा मवेशियों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है।

### रक्तदाता दिवस पर 125 ने किया रक्तदान

दुर्ग। विश्व रक्तदाता दिवस पर नवदृष्टि फाउंडेशन, जेसीआई दुर्ग-भिलाई, छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन, डोनेट थोड़ा सा, समर्पित परिश्रमी सामाजिक समिति, छत्तीसगढ़ कलार समाज के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में दुर्ग जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में लगभग 125 लोगों ने रक्तदान किया। लगभग सभी ब्लड ग्रुप के लोगों ने रक्तदान किया। दुर्ग जिला चिकित्सालय के स्टॉफ लगातार रक्तदानियों को सलाह, निर्देश व सहयोग देते रहे एवं रक्तदान शिविर को सम्पन्न किया। संस्थाओं द्वारा रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

दुर्ग। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने व अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

# कबाड़ में पुस्तकें बेचने पर पकड़े जाएंगे शिक्षक, बार कोड स्कैन से ही बंटेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सरकारी किताबों को कबाड में बेचने की प्रथा पर लगाम लगाने इस बार बार कोड अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक पुस्तक के पीछे बार कोड लगाया गया है। स्कूलो में निगम से पुस्तक पहुंचने के पहले उसे सील किया जाएगा। वही स्कूलों में वितरण के दौरान बार कोड से स्कैनिंग किया जाएगा। जिसमें स्कूल सहित सभी जानकारी दर्ज रहेगी। दुर्ग बीईओ राजेश्वरी चंद्राकर ने सभी प्रधान पाठको की बैठक लेकर निर्देशों का पालन करने कहा है।

शिक्षा विभाग विकासखंड दुर्ग के सत्र 2025-26 की पहली बैठक रखी गई। सत्र 2025-26 को आरम्भ होने में केवल कुछ दिन शेष है। इसी के तहत दुर्ग विकासखंड की नवनियुक्त विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर द्वारा विकासखंड के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुखों एवं सभी संकुल शैक्षिक समन्वयकों की आवश्यक बैठक साक्षरता भवन दुर्ग में 10 बजे से 1 बजे तक तीन चरणों में आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर के साथ श्रवण सिन्हा बीआरसीसी दुर्ग ग्रामीण, किरण चाँदवानी यूआरसी दुर्ग शहर तथा सभी शालाओं के संस्था प्रमुखों, प्रतिनिधियों एवं संकुल समन्वयकों की उपस्थिति रही।बैठक में बीएलओ राजेश्वरी चंद्राकर, श्रवण सिन्हा, किरण चाँदवानी यूआरसी दुर्ग शहर तथा सभी शालाओं के संस्था प्रमुखों, प्रतिनिधियों एवं संकुल समन्वयकों की उपस्थिति रही।

### बीईओ ने प्रधान पाठकों को आवश्यक तैयारियों के दिए निर्देश

इन बिन्दुओं का करना होगा पालन

1. बीईओ ने कहा शालाओं को प्रदाय किये गए चेकलिस्ट के अनुसार पूर्व तैयारी करना।
2. संकुल समन्वयकों द्वारा अपने अधीनस्थ सभी शालाओं का पूर्व तैयारी हेतु सतत निरीक्षण।
3. जर्जर भवनों का उपयोग ना करना।
4. बिजली, पानी, आदि हेतु सुरक्षात्मक रूप से सतर्क रहना।
5. पाठ्यपुस्तक, गणवेश का वितरण समय पर सुनिश्चित करना।
6. पुस्तकों को अनिवार्य रूप से स्कैन कर वितरण करना।
7. प्रवेशोत्सव के दिन एक पेड माँ के नाम योजना के अंतर्गत शाला के सही विद्यार्थियों,



शिक्षकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण करते हुए my life पोर्टल में फोटो सहित अपलोड करना।

8. शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालक समिति के सदस्यों एवं नवप्रवेशी छात्र, छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत करना एवं उत्कृष्ट कार्यों हेतु सभी का विशेष सम्मान करना।
9. किचन गार्डन का निर्माण करना।
10. शालेय कैलेंडर का अनिवार्य रूप से निर्माण एवं प्रदर्शन करना।
11. सत्र के मध्य में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं जैसे आधार अपडेट, जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी जनेरेट करना आदि का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
12. राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा संचालित उल्लास नवभारत कार्यक्रम हेतु सत्र 2024-25 में परीक्षा से वंचित असाक्षरों को सत्र 2025-26 को होने वाली परीक्षाओं में सम्मिलित कर लक्ष्य पूर्ण करना।

## सब्जबाग : गांव के लोगों को रोजगार का सपना दिखाकर फेर दिया गया पानी

# इंडस्ट्री के नाम पर चौबीस करोड़ स्वाहा न रोजगार मिला न अबला हुई सशक्त

राहुल शर्मा ▶▶ दुर्ग

महात्मा गांधी रूरल इंडसट्रियल पार्क के लिए जिले में बारह यूनिट खोले गए थे। प्रत्येक यूनिट में दो करोड खर्च करने के बाद न तो किसी ग्रामीण को रोजगार मिल रहा है और न ही महिला समूहों के हाथों में काम है। सिर्फ स्ट्रक्चर और मशीन में ही करोडों रूपए खर्च कर दिया गया। जिसके बाद अफसरों ने दुबारा योजना को लेकर मूडकर भी नही देखा। हालात यह है कि, दो से तीन यूनिट को छोड बाकी यूनिट में ताले लगे है। इस योजना का मकसद ग्रामीणों को रोजगार और महिला समूह को जोडकर सखक्त बनाना था, लेकिन शासन का उछेश्य चकनाचूर होकर रह गया है।यूनिट के अंदर करोडो रूपए की मशीने कवाड होने के कगार पर है। पूर्व की सरकार ने रोजगार उपलब्ध कराने के उछेश्य से करीब चौबीस करोड रूपए खर्च किया था। इस प्रोजेक्ट का उछेश्य था कि, महिला समूह और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। प्रशासन के पास इस प्रश्न का भी जवाब नही है कि, हाल में कितने लोगों को रोजगार मिल पाया है। जिले में अंजोरा, चंदखुरी, सांकरा को छोड शेष सभी रीपा उद्योगों में काम कौडी का नही रहा। हरिभूमि के पडताल में अंजोरा में पानी बोतल बनाने और सांकरा में गुलाल और चंदखरी में पनी व दूध बनाने का किया जा रहा है, लेकिन इसमें भी आधा दर्जन कर्मचारी की कार्यरत है। अंजोरा यूनिट में मिनिरल वाटर बनाने की प्लानिंग थी, लेकिन वहां सिर्फ पानी बोतल ही बनाकर सप्लाई किए जा रहे हैं।

### अफसरों की लापरवाही से गांव में करोड़ों फूंकने के बाद भी नहीं आई क्रांति

#### नहीं लगा मिनिरल वाटर प्लांट

हरिभूमि ने मुख्यालय के समीप अंजोरा गांव में रीपा उद्योग का निरिक्षण किया। प्रोजेक्ट अनुसार प्रत्येक रीपा केन्द्र में तीन सौ लोगों को रोजगार देने की प्लानिंग थी। यहां मजदूरों ने बताया कि, अंजोरा में मिनिरल वाटर उद्योग खुलना था। लेकिन लीज पर निजी हाथों को देने के बाद यहां सिर्फ प्लास्टिक के बोतल तैयार हो रहे है। मौके पर सिर्फ तीन लोग ही कार्य करते मिले। दानीकोकडी में ईंट बनाने का मशीन लिया गया है, लेकिन इसे चलाने वाला कोई नही है। वही चंदखुरी में मिल्क उद्योग और सांकरा में गुलाल आदि बन रहा है। शेष रीपा केन्द्र में काम ठप है।

#### खास बातें

- प्रत्येक रीपा केन्द्र में तीन सौ को देना था रोजगार
- प्रशासन के पास रोजगार के आंकडे तक नहीं




#### इस तरह की थी प्लानिंग

अंजोरा में मिनिरल वाटर प्लांट, कातरो में स्टेशनरी व प्लेक्स प्रिंटिंग यूनिट, ढाबा में गवर्नमेंट मैन्यूफैचरिंग यूनिट, चंदखुरी मिल्क प्रोसेस, मोहंदी में एलईडी एवं सोलर लाइट असेमबलिंग यूनिट, हसदा में टामाटो प्रोसेसिंग पैकिंग यूनिट, पुर्दा में बनाना कलस्टर, दानी कोकडी गांव में सीमेंट पोल, टाइल्स फेब्रिकेशन चैनलिंक फैसिंग, सांकरा में गुलाल एक्सटेनसन, फुंडा में एनीमल फीड कोल्ड प्रेस आईल यूनिट, कुर्मीगुंड्रा में हेल्थी स्नैक्स मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट व अशोगा गांव में एचडीईपी बैग बारदाना प्रोसेसिंग आदि लगनी थी, लेकिन यहां सिर्फ स्ट्रक्चर में राशि फूंके गए हैं।



#### बडा खुलासाः निजी हाथों में चुपके से सौंपे काम

हरिभूमि के पडताल में यह बात सामने आई है कि, जिला प्रशासन द्वारा इन यूनिटों के संचालन में महिला समूहों की मदद नही किए जाने के कारण वे काम छोड गए। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा अंजोरा, चंदखुरी सहित कई यूनिट को निजी हाथों में सौंप दिया गया है। गांव में ग्रामीणों को रोजगार नही देकर शहर के धन्ना शेठो को बगैर टेंडर प्रक्रिया के काम सौंपे जाने की जानकारी मिली है।

#### बंद पड़ी है दानी कोकड़ी में यूनिट

धमधा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत दानी कोकड़ी सहित अन्य जगहों में कांग्रेस के जमाने में लोगों को आत्मनिर्भर और रोजगार में सहायक बनने वाली महात्मा गांधी रोलर इंडस्ट्रियल पार्क के नाम से योजना बनाकर इन्हीं चिन्ह अंकित जगह पर इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया गया था। जिसके चलते महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को कई परिवारों को रोजगार मिल रहा था, लोग वहां गोबर से पेंट फुटपाथ पर लगाने वाले चेकर किसानों के खेतों पर लगने वाले फेंसिंग पोल बेकरी आइटम तथा कन कई अन्य प्रकार के उत्पाद बनाकर स्वावलंबी बन रहे थे और अपने रोजगार का रास्ता बनाया था। योजना को बंद करने के बाद कई एकड़ में फैले इस पार्क की बिल्डिंग जर्जर स्थिति में आते जा रही है, सामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है।

#### रीपा योजना का ये था उद्देश्य

रीपा योजना का संचालन जिला प्रशासन द्वारा किए जाने की प्लानिंग थी। इसके लिए दर्जनभर रीपा उद्योग खोले गए। उद्योगों में मटेरियल निर्माण उपलब्ध कराने के बाद तैयार माल को बेचने के लिए प्रशासन को बाजार उपलब्ध कराना था। लेकिन इन सभी प्लानिंग में प्रशासन फेल रहा। संचालन से लेकर बाजार में सामान बेचने तक के स्कीम में समूहों को प्रशासन तैयार नही कर पाया। यही कारण हैं कि, रीपा केन्द्र को निजी हाथों में सौंप दिया गया है। ग्रामीणों, युवाओं और स्व सहायता समूह की महिलाओं को बेकरी, आचार, पापड़, मछली पालन समेत अन्य कार्य कराए जाने थे, लेकिन योजना के नाम पर भगवान भरोसे मानिटरिंग चल रही है।

#### नहीं मिला रोजगार

रीपा योजना से ग्रामीणों को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। लेकिन वर्तमान में महिला समूहों को काम न देकर निजी ठेकेदारों को बगैर प्रक्रिया को यूनिट सौंप दिया गया है। जिसमें हमने पहले भी विरोध किया था।
**-टिकेश्वरी देशमुख,** जनपद सभापति, दुर्ग

#### बंद कर दिया गया

न-जन के लिए कल्याणकारी योजनाओं में से एक बहुत बड़ी योजना हमारे सरकार की रही है। जिससे युवाओं को रोजगार मिल रहा था, उसे आज की सरकार ने बंद कर दिया है। **-शिवकुमार वर्मा,** अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा

## भारत सरकार द्वारा गेहूं के लिए स्टॉक का किया गया निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारत सरकार द्वारा गेहूं के लिए स्टॉक का निर्धारण किया गया है। गेहूं के लिए स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए होगी। स्टॉक निर्धारण अनुसार व्यापारी व थोक विक्रेता 3000 मीट्रिक टन, रिटेलर प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर प्रत्येक आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन बशर्ते अधिकतम मात्रा (कुल दुकानों की संख्या का 10 गुणा) मीट्रिक टन। यह अधिकतम स्टॉक होगा, जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। प्रोसेसर्स मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर है। भारत सरकार के पोर्टल पर स्टॉक सीमा के लिए संबंधित विधिक इकाइयां स्टॉक की घोषणा करेगी और यदि उनके पास स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है, तो वह इस अधिसूचना के जारी के जारी होने के 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा में करेगी। समय सीमा के बाद संबंधित स्थानों का नियमित निरीक्षण किए जाने हेतु समस्त जिलों के कलेक्टरों को आदेशित किया गया है तथा संबंधित संस्थानों का नियमित निरीक्षण राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाने तथा अनियमितता अथवा निर्धारित लिमिट से अधिक गेहूं का भंडारण पाये जाने पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

- लिमिट से अधिक भंडारण पर होगी कार्रवाई

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल 1 जुलाई से खोलने की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि भीषण गर्मी और उमस को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश को 15 दिन और बढ़ाया जाए तथा स्कूलों को 1 जुलाई से खोला जाए। अय्यूब खान ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में तापमान अत्यधिक बढ़ा हुआ है, जिससे छात्रों, विशेषकर छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस गर्मी में बच्चों को स्कूल भेजना न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, बल्कि इससे अन्य कई समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के पालक भी अपने-अपने माध्यमों से यही मांग कर रहे हैं कि राज्य सरकार इस विषय को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द निर्णय ले। वर्तमान में बार-बार बिजली कटौती हो रही है, जिससे स्कूलों में पंखे, कूलर आदि उपकरणों का संचालन भी बाधित हो सकता है। अय्यूब खान ने राज्य सरकार से मांग की है कि वह इस संवेदनशील विषय पर तुरंत विचार करे और शासकीय एवं निजी दोनों प्रकार के स्कूलों में 15 दिन की अतिरिक्त छुट्टी घोषित करते हुए स्कूलों को 1 जुलाई 2025 से शुरू करने का आदेश जारी करें।

## वेज रिवीजन विसंगति दूर होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएकेएस यूनियन ने कहा है कि बीएसपी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे पर प्रयास का परिणाम अब दिखने लगा है । एनजेसीएस में सुधार सहित कुछ मुद्दों पर मुख्य श्रमायुक्त ने संज्ञान लिया है। इससे कर्मचारियों को राहत मिलने के आसार हैं। वेज रीविजन से जुड़े केस की अगली सुनवाई 21 जुलाई को दिल्ली कैट में है। इंसेंटीव मुद्दे पर उप मुख्यश्रमायुक्त रायपुर ने औद्योगिक विवाद दायर करने का आदेश दिया है । बोनस फॉर्मूले मुद्दे पर मुख्य श्रमायुक्त (कें.) ने उप मुख्य श्रमायुक्त रायपुर को जाँच का आदेश दिया है । छुट्टी में एकरुपता लाने के मुद्दे पर भी उपमुख्य श्रमायुक्त रायपुर को जाँच का आदेश दिया गया है । बीएसपी सहित सभी सेल गैर कार्यपालक कार्मिको के कई मुद्दे लंबित रहने के कारण सेल के कई इकाईयों के कार्मिकों ने स्वतंत्र यूनियन का गठन कर लिया है ।

- केंद्रीय मुख्य श्रमायुक्त ने लिया

#### यह समस्याएं भी हैं लंबित

वेज रीविजन केस सेल प्रबंधन द्वारा न्यायालय में अपना लिखित पक्ष रखा जा चुका है । यूनियन 21 जुलाई से पहले अपना लिखित जवाब दाखिल कर देगी । वहीं एनजेसीएस में सुधार केस मामले मे इस्पात मंत्रालय तथा सेल प्रबंधन को कोर्ट द्वारा नोटिस दिया जा चुका है। अगली सुनवाई 11 अगस्त को होनी है ।इंसेंटीव फॉर्मूला में संशोधन डीएलसी रायपुर द्वारा औद्योगिक विवाद दायर करने का निर्देश दिया गया है । छुट्टियों की संख्या में संशोधन बीएसपी कर्मचारियों के छुट्टियों में भेदभाव पर सीएलसी दिल्ली द्वारा जाँच के आदेश दिया गया है ।

## अब अग्निशमन कर्मियों को भी मिलेगा प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अग्नि शमन कर्मचारियों को प्रमोशन मिलने का रास्ता अब खुल गया है।क्यूबीसीजी यानी क्वालिफिकेशन बेस्ड कैरियर ग्रोथ' के तहत जल्द पदोन्नति देने विभागी कर्मियों की बहुप्रतीक्षित मांग को प्रबंधन ने मान लिया है। इस संबंध में आदेश भी आदेश जारी कर दिया है।

- सीटू ने दस साल से कर रहा था प्रयास

उल्लेखनीय है कि सीटू यूनियन द्वारा एनजेसीएस में अप्रैल 2016 में डिप्लोमा बीई, एमबीए तथा अन्य विशेष व्यवसायिक योग्यता वाले कर्मचारियों को कैरियर ग्रोथ का अवसर उपलब्ध कराने की मांग को पुरजोर ढंग से उठाया गया था, जिसके बाद सेल कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा 30 जून 2016 को 4 अक्टूबर 2008 के बाद सेल में भर्ती होने वाले ऐसे सभी कर्मियों, जिनके



पास डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, एमबीए तथा अन्य सांविधिक रुप से आवश्यक व्यवसायिक योग्यता है, के कैरियर ग्रोथ से संबंधित आदेश जारी किया गया था। बीएसपी में तत्कालीन मान्यता प्राप्त यूनियन सीटू से चर्चा किए बिना इस सर्कुलर को एकतरफा जारी करने से कई विसंगतियां उत्पन्न हो गई। यह योजना उन कर्मियों को हुए नुकसान की भरपाई करना था, जिन्हें प्रवेश ग्रेड को कम कर के भर्ती किया गया था और भिलाई में ग्रेड कम करके भर्ती की प्रक्रिया 2003 से शुरु हो गई थी। सीटू की मांग थी कि 2003 से भर्ती हुए कर्मियों के लिए लिए लागू किया जाना चाहिए और खदान, मेडिकल, शिक्षा विभाग तथा अग्नि

#### लाभ दिलाने सीटू का लगातार प्रयास

क्यूबीसीजी के दायरे में अग्नि शमन विभाग के कर्मियों को शामिल कर उन्हें लाभ दिलाने के लिए सीटू यूनियन के सहायक सचिव संतोष कुमार देवांगन द्वारा 11 मार्च 2023 को प्रबंधन को पत्र देकर क्यूबीसीजी से संबंधित 2022 के संशोधित परिपत्र को आधार मानकर इस विभाग के कर्मियों को इसका लाभ देने की मांग को उठाया था, लेकिन प्रबंधन के ध्यान नहीं दिए जाने पर सीटू ने मार्च 2025 में अग्निशमन विभाग के कर्मी जेएन ठाकुर महाप्रबंधक, से मिलकर इस मांग को पुनःउठाया। उन्होंने अग्निशमन के कर्मियों कि इस मांग को उचित मानते हुए संदीप माथुर,मुख्य महाप्रबंधक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक को अवगत कराया।

## प्रतिभाशाली दृष्टिबाधित बेटे प्रशांत की कामयाबी के लिए पिता संतोष साहू का संघर्ष

# पापा के हौसले और अपनी हिम्मत से लड़ रहा अंधेरे से जंग

विमलशंकर झा ▶▶ भिलाई

तुझे सूरज कहूं या चंदा,तुझे दीप कहूं या तारा
मेरा नाम करेगा का रौशन जग में मेरा राज दुलारा..।

बचपन में अपने पिता की उंगली थामकर चलने की कोशिश करते हुए उनसे सुने इस प्रेरक गीत के साथ उनकी हौसला आफजायी ने उसे इस कदर प्रेरित किया कि उसे इसका एहसास ही नहीं होता कि उसके जीवन में अंधेरा बड़ी बाधा है। पापा की आंखें उसकी अपनी रोशनी और हिम्मत है, जिसके बूते वह आसमान छूना चाहता है।

- बहुविकलांगता को चुनौती देकर हो रहा कामयाब



यह प्रेरक दास्तान एक ऐसे गरीब दृष्टिबाधित प्रतिभाशाली बच्चे की है,जो अपने पिता के संबल और हौसले से बहुमुखी प्रतिभा के झंडे गाड़ रहा है। आज जब कई संपन्न परिवारों में सुविधाओं और संसाधनों की उपलब्धता के बाद भी कई सामान्य बच्चे ठीक से पढ़ लिख नहीं पाते, ऐसे में बहुविकलांगता को चुनौती देकर कामयाबी की कहानी लिखता रामनगर का प्रतिभावान दिव्यांग प्रशांत और उनके पिता संतोष साहू का संघर्ष और कामयाबी एक मिसाल है। पेशे से टेलर पास पड़ोस के कपड़े सिलकर पिता ने गरीबी से जद्दोजहद कर अपने दृष्टिहीन बेटे की आंखों में रौशनी लाने न सिर्फ जमीन आसमान एक किया बल्कि उसका करियर बनाने रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालितनयन दीप विद्या मंदिर दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय सिविक सेंटर स्कूल में पढ़ाई पूर्ण कराने के साथ घर पर भी ब्रेल लिपि के संसाधन जुटाए। यह पिता का प्रेम,त्याग और कमर तोड़ मशक्त ही है कि उनके बेटे प्रशांत ने पहले 70 प्रति. अंकों से दसवीं फिर 12 वीं की परीक्षा 73.6 प्रति. अंकों से उत्तीर्ण की। अब उसे कालेज में डिग्री दिलवाकर प्रोफेसर बनाने के सपने को पूरा करने नए सिरे से संघर्ष कर रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने बेटे की रुचि देख उसे बैट आदि किट देकर क्रिकेटर बनने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रशांत डिसेबल्ड होते हुए भी दिव्यांग प्रतियोगिता में तीस चालीस रन बनाए बिना बोल्ड नहीं होते। कठिन को छोड़ अपने हर काम सहजता से कर लेता है। पेशे से टेलर संतोष साहू बताते हैं कि बेटा प्रशांत जन्म से ही दृष्टि बाधित व एक हाथ और पांव से दिव्यांग है। मैंने हिम्मत न हारते हुए शंकर नेत्रालय चैन्नै से लेकर एमजीएम रायपुर तक रौशनी की जंग लड़ी। करियर बनाने स्कूल में भी दाखिला कराया। पत्नी के साथ रात रात भर कपड़े सिलकर इलाज व पढ़ाई के लिए पैसे जुटाए। अब उसे टेपराइडर की जरूरत है।

#### स्कूल से पड़ौस तक पिता पुत्र की मिसाल

पिता पुत्र के बीच हौसला, प्रेम और मदद के चलते यह जोड़ी निवास रामनगर से लेकर दृष्टिबाधित स्कूल तक मिसाल है। संतोष साहू बताते हैं कि दृष्टिबाधित बेटे की पढ़ाई के लिए मेडम की मदद से ब्रेल लिपि संसाधन की सहायता भी ले रहे हैं, बेटा बहुत टैलेंटेड और आज्ञाकारी है। स्कूल में भी सबका लाडला रहा। वह प्रोफेसर बनना चाहता है। प्रशांत का कहना है कि मेरे पापा इतना प्यार करते हैं कि गरीबी के बाद भी मेरे इलाज व पढ़ाई के लिए हिम्मत नहीं हारी। नयनदीप स्कूल की प्रभारी शिक्षिका श्वेता महोबिया बताती हैं कि हौसलामंद प्रशांत मल्टी डिसेबल्ड कम मल्टीटैलेंटेट अधिक है। पढ़ाई व प्रतिभा में वह सामान्य बच्चों से कम नहीं है। क्रिकेट स्पर्धा में 50,60 रन बनाकर ही आउट होता है।

## शिवाजी नगर के रहवासी मिले देवेंद्र से, पेयजल संकट से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



विधायक देवेंद्र यादव रविवार को सेक्टर-5 कार्यालय पहुंचे। जहां लोगों ने उन्हें खुर्सीपार, छावनी, सुभाष नगर, हुडको और टाउनशिप क्षेत्र के लोगों ने क्रमश अपनी समस्याओं से अवगत कराया। टाउनशिप के सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाली महिलाओं ने विधायक को बताया शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन किया था, जिसे अपात्र कर दिया गया है। जबकि आवेदन के साथ सभी दस्तावेज जमा कर किया गया था। आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया की विसंगति, प्रधानमंत्री आवास का अलाट होने के बाद पजेशन देने में विलंब, आवंटन में नाम नहीं आने पर राशि की वापसी, वार्ड 51 शिवाजी नगर में पानी की समस्या, खुर्सीपार क्षेत्र के बड़े नाला-नालियों की सफाई, ट्रांसपोर्ट नगर रोड में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों से लोगों को होने वाली परेशानी बताई। विधायक ने विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर सुव्यवस्थित कराने की बात कही। वहीं ताईक्वांडो कुछ खिलाड़ियों ने मुलाकात कर हैदराबाद में होने वाले टूर्नामेंट के बारे मे बताया। वहीं विधायक ने सभी खिलाड़ियों की जीत की अग्रिम शुभकामना दी।

अनदेखी : गौ तस्करों पर अंकुश लगाने में शासन-प्रशासन असफल : तुकाराम चन्द्रवंशी

# गौ रक्षकों की मदद से तस्करों के कब्जे से छुड़ाए गए 96 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज के बगैर, अवैध रूप से मवेशियों को कबीरधाम जिले से दूसरे राज्यों में ले जाने का गोरखधंधा शासन-प्रशासन की नाक के नीचे बदस्तूर जारी है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रायः हर रोज जिले की सड़कों से सरेराह दर्जनो की संख्या में मवेशियों को हकालते हुए और क्रूरता पूर्वक मारते पीटते विभिन्न थाना क्षेत्रों को पार कर ले जाया जा रहा है लेकिन किसी भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस को इन लोगों से ये पूछने की फुर्सत नहीं है कि आखिर वे मवेशियों को कहां से खरीदकर ला रहे हैं और कहां ले जा रहे हैं, उनके पास मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज हैं या नहीं? इनमें से कुछ मवेशियों की खुश किस्मती ही कहें कि उन पर जिले में सक्रिय गौरक्षकों और कुछ पशु प्रेमियों की नजर पड़ जाती है और वे इन गौ तस्करों के नपाक करतूतों से बच जाते हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय कवर्धा से महज 8 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे 30 में स्थित ग्राम बीजाझोरी (हरिनछपरा) के पास का है। जहां से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी और गौरक्षा प्रमुख प्रांजल तिवारी ने 11 लोगों को, 96 गौवंश तथा बछड़ों के साथ पकड़ा है और इसकी जानकारी जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दी है। इस संबंध में तुकाराम चन्द्रवंशी और प्रांजल तिवारी ने बताया कि सोमवार को भरी दोपहरी चिलचिलाती धूप में करीब 11 लोग 96 गौवंश और बछड़ों को हंकालते हुए नेशनल हाईवे 30 से होते हुए ले जा रहे थे। उन्होने बताया कि ग्राम बीजाझोरी (हरिनछपरा) के पास उनकी नजर इन लोगों तथा गौवंश तथा बछड़ों पर पड़ गई। गौ तस्करी की शंका के आधार पर जब उन्होने मवेशियों को ले जा रहे लोंगो से मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज व अन्य जानकारी मांगी गई तो वे कोई भी दस्तावेज अथवा संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके बाद उन्होने मामले की सूचना कलेक्टर, एसडीएम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को फोन पर दी गई, लेकिन 2 घंटे बीतने के बावजूद कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और प्रशासन की सक्रियता पर सवाल उठाए। उन्होने बताया कि प्रशासनिक लेटलतीफी को देखते हुए उन्होने ग्रामीणों व गौरक्षकों की मदद से सभी गौवंश को हरिनछपरा के एक निजी फैक्ट्री परिसर में सुरक्षित रखवाया और पकड़े गए गौ तस्करों को भी वहीं बैठाया। लगातार संपर्क के बाद जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो उन्होने कार्यवाही की मांग के साथ सभी मवेशियों और उन्हें ले जाने वालों को पुलिस के हवाले कर दिया। अब पुलिस इनके खिलाफ क्या कार्यवाही कर रही है इसकी जानकारी फिलहाल पुलिस प्रशासन ने नहीं दी है।



### नेवारी से खरीदे गए थे मवेशी

पकड़े गए लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होने 96 मवेशियों को ग्राम नेवारी से खरीदा है और इन सभी मवेशियों को खरीदकर वे मध्यप्रदेश ले जा रहे हैं। बताया जाता है कि पकड़े गए लोगों के पास ग्राम पंचायत नेवारी की एक अनुमति रसीद भी मिली है। लेकिन यह रसीद वास्तव में सही है या नहीं यह भी जांच का विषय है। क्योंकि हाल के दिनो में यह बात खुलकर सामने आई है कि मवेशी तस्कर अब अपने बचाव के लिए नगर पालिका तथा ग्राम पंचायतों की फर्जी रसीद का भी उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा सवाल यह भी खड़े हो रहे हैं कि जब नगर पालिका कवर्धा तथा कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा मवेशियों की खरीदी बिक्री के लिए बकायदा मवेशी बाजार संचालित किया जा रहा है, जिसके जरिए विभिन्न वैधानिक प्रक्रियाओं के तहत मवेशियों की खरीदी बिक्री का प्रावधान है तो फिर कोई भी इस तरह अवैध ढंग से और वह भी इतनी बड़ी संख्या में किसी से भी मवेशियों की खरीदी-बिक्री कैसे कर सकता है? निश्चित रूप से यह एक गंभीर विषय है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### तीन माह पूर्व कवर्धा कोतवाली में की गई थी फर्जी मवेशी रसीद की शिकायत, कार्यवाही शून्यः तुकाराम

तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि उन्होने मवेशी तस्करों द्वारा कवर्धा नगर पालिका सहित जिले की ग्राम पंचायतों के नाम की फर्जी मवेशी खरीदी-बिक्री रसीद का उपयोग कर गौ तस्करी करने के मामले की लिखित शिकायत प्रमाण सहित गत 3 मार्च 2025 को कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई थी। लेकिन आज पर्यंत पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच नहीं की गई। यहां तक कि नगर पालिका प्रशासन के सफेदपोशों को भी इस मामले की जानकारी नहीं है कि उनकी संस्थान की फर्जी रसीद का उपयोग मवेशी तस्करी के लिए किया जा रहा है।



## ठेठवार यदुवंशी समाज गौवंश के संरक्षक हैः योगेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम मटका में यादव ठेठवार समाज की वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शरीक हुए। इस मौके पर यादव ठेठवार समाज द्वारा शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। तिवारी ने इस स्नेह और सम्मान के लिए समाज का आभार जताया।

■ ग्राम मटका में यादव ठेठवार समाज का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित हुआ

इस दौरान योगेश तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ठेठवार यदुवंशी समाज गौवंश के परम सेवक जहां है वही छतीसगढ के सभी समाजों के साथ यदुवंशी समाज का तालमेल है । उन्होंने समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि यादव समाज ने सदैव छत्तीसगढ़ की सामाजिक चेतना और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।ठेठवार यदुवंशी समाज बहुत मेहनती समाज है । श्री तिवारी ने समाज के युवाओं से आग्रह किया कि वे शिक्षा, सेवा और संगठन के माध्यम से समाज और राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में अंजोर सिंह यदु (संरक्षक), जितेन्द्र यदु (अध्यक्ष), भुरूवा यदु, हीरालाल यदु, डॉ बीपी यदु, मनोज यदु, भोन्दू यदु, कोमल यदु, सिवरचन यदु, राजेंद्र यदु, रमेश यदु, मुन्ना यदु, नरेश यदु, गोपाल यदु, मनोहर यदु, टेकू यदु, महेन्द्र यदु, बल्ला यदु, शेष यदु, पंचु यदु, ईश्वर यदु, दौलत यदु सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

## बोरसी में नौ दिवसीय श्री रामलीला जारी



**बेमेतरा।** ग्राम बोरसी में समस्त ग्रामवासी की ओर से और सरपंच के सहयोग से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्री रालीला महोत्सव का कार्मेयक्रम आयोजित किया गया ।

अयोध्या की प्रस्तुति श्री रामलीला मंडली, माँ शीतला रामायण प्रचारक मण्डल मिर्जापुर उत्तरप्रदेश के कलाकारों ने संगीमय श्री राम जी की लीलाओं का मंचन आकर्षक झांकियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया । श्री रामलीला 13 जून शुक्रवार को शुभारंभ हुआ है,जो 21 जून शनिवार तक चलेगा। बोरसी के देवेन्द्र साहू और मंत्री पाल ने बताया की ग्रामीण बड़ी संख्या में श्री रामलीला को देखने आ रहे है । यहाँ राममय भक्ति का वातावरण बना हुआ है, श्री रामलीला का आनंद उठाने आसपास के गांवों से भी लोग परिवार के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। नौ दिवसीय इस कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा बहुत सुन्दर प्रस्तुति दे रहे है। श्री रामलीला देखने ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं ग्राम बोरसी के गणमान्य जन मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप



#### नए शिक्षा सत्र के पहले दिन पौधारोपण

**कुण्डा।** नए शिक्षा सत्र 2025 की शुरुवात सोमवार को हुई। जिसके तहत अनेक विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी क्रम में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस सोमवार को कुण्डा मिडिल स्कूल में छठवीं कक्षा के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया साथ ही कुण्डा में स्थित बिजली ऑफिस में कदम्ब के दो पौधे रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा सभी लोगों से पौधारोपण करने की अपील की गई। इस दौरान कुण्डा के सरपंच हरेन्द्र कुमार चंद्राकर, प्रधान पाठक मोहन सिंह राजपूत, व्याख्याता सुनील तिवारी, शिक्षक सालिक राम यादव, कलीराम चन्द्राकर, हंसलता धिरही, राजेश सोनी, जेई सत्यम मरावी, रवि साहू, गोपाल वैष्णव, लवकुश साहू पंच, बंटी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### निर्माण श्रमिक व उनके परिवारों के लिए राशि जारी

**कवर्धा।** प्रदेश के निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए राहत की बड़ी घोषणा हुई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने 36 हजार 666 श्रमिकों के लिए 18.89 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। यह राशि हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।

## जिला अस्पताल में टीकाकरण के बाद नवजात की मौत का आरोप

### परिजनों ने कहा, लारवाही के चलते गई जान



■ नवजात के परिजनो ने की जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हमेशा सुर्खियां बटोरने वाले जिला चिकित्सालय कवर्धा से सोमवार को एक चौकाने वाला मामला सामने आया है।

आरोप है कि यहां पंडरिया से प्रसव के लिए लाई गई एक महिला के नवजात शिशु की टीकाकरण के कुछ देरबाद ही मौत हो गई। जिसके बाद पूरे अस्पताल महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि पीड़ित परिजनो के आरोपों पर अस्पताल प्रशासन फिलहाल कोई संतोषजनक जवाब देने की बजाए मामले की जांच कराए जाने की बात कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को सोना निर्मलकर नाम की महिला को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था। परिजनो के मुताबिक प्रसुता ने यहां गत शनिवार को एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया था। बच्चा अपनी मां की गोद में पूरी तरह से स्वस्थ्य था और सामान्य व्यवहार कर रहा था। इसी दौरान सोमवार को उसका रूटीन टीकाकरण किया गया लेकिन टीकाकरण के कुछ देर बाद ही बच्चे की तबियत बिगड़ गई और उचित उपचार के आभाव में उसकी मौत हो गई। परिजनो ने बताया कि बच्चे की मौत के बाद जब उन्होने अस्पताल प्रशासन के चिकित्सकों तथा स्टाप से सवाल जवाब किया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और मामले की जांच कराए जाने की बात कहने लगे। परिजनो ने बताया कि प्रसुता सोना निर्मलकर की यह पहली संतान थी और बच्चे के जन्म लेने से बच्चे की मांग और परिजन काफी उत्साहित तथा खुश थे लेकिन जिला चिकित्सालय प्रशासन की लापरवाही के चलते नवजात बच्चे की मौत हो गई। पीड़ित परिवार अब इस पूरे मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से करने की तैयारी में है।

### पीड़ित परिवार ने मचाया हंगामा

बताया जाता है कि जिला अस्पताल में रूटीन टीकाकरण के बाद नवजात की मौत होने के जानकारी सामने आते ही परिजनो ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनो का आरोप है कि शनिवार को ऑपरेशन के जरिए नवजात का जन्म हुआ था। जिसे अस्पताल प्रशासन को विशेष निगरानी में रखना था। लेकिन अस्पताल प्रशासन ने घोरलापरवाही बरती जिसके कारण रूटीन टीकाकरण के बाद बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई और समय पर उपचार न मिलने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने जिला अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## हाई स्कूल छिरहा हुआ हाईटेक, सत्रारम्भ के पहले दिन डिजिटल बोर्ड से शिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत आने वाला शासकीय हाई स्कूल छिरहा अब पूरी तरह से हाईटेक हो गया है। नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन से विद्यालय में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई शुरू कर दी गई है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल रहा है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस पहल से स्कूल के छात्रों को इंटरनेट सहित कई आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे उनकी शिक्षा का स्तर और भी बेहतर होगा। डिजिटल बोर्ड के जरिए जटिल अवधारणाओं को आसानी से समझाया जा सकेगा और छात्र-छात्राएँ नवीनतम जानकारियों से अपडेटेड रहेंगे। यह कदम छिरहा के विद्यार्थियों के लिए एक उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। नए सत्र के पहले दिन स्कूल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिगत छत्तीसगढ़ शासन ने वर्षा ऋतु के दौरान 16 जून से 15 अगस्त तक सभी प्रमुख जलाशयों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

यह निर्णय छत्तीसगढ़ नवीन मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3, उपधारा 2 के तहत लिया गया है। इस दौरान "बंद ऋतु (क्लोज सीजन)" घोषित की गई अवधि में सभी प्रकार के जल संसाधनों में मछली पकड़ना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। हालांकि, यह प्रतिबंध छोटे तालाबों या अन्य जल स्त्रोतों, जिनका नदी-नालों से कोई संबंध नहीं है, तथा जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर पर लागू नहीं होगा। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक रामधन सिंह ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रतिबंध का उल्लंघन करता है, तो उस पर छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3(5) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसमें दोषी पाए जाने पर एक वर्ष तक का कारावास, 10,000 तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाएं एक साथ हो सकती हैं। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे मत्स्य संरक्षण के इस प्रयास में सहयोग करें और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सौंपा अनुकंपा नियुक्ति पत्र



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सर्किट हाउस कवर्धा में स्वर्गीय पुरुषोत्तम कुमार धुर्वे की पत्नी श्रीमती परमेश्वरी धुर्वे को सहायक ग्रेड-03 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शासन पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनशील है और यह नियुक्ति इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने श्रीमती धुर्वे को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ईमानदारी और निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि स्व. पुरुषोत्तम कुमार धुर्वे, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में सहायक ग्रेड-02 के पद पर पदस्थ थे। उनका गत 3 मई 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था। इसके पश्चात जनपद पंचायत कवर्धा द्वारा शीघ्र कार्रवाई करते हुए उनकी पत्नी श्रीमती परमेश्वरी धुर्वे को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202506230300012/208 / अ-2 / वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका राहूल पटेल पिता दिलीप पटेल निवासी पदमी तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर बेमेतरा प.ह.नं. 22 तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1352/1 रकबा 0.01 हे. भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17.06.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202506230300013/207/ अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर **कोबिया** तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका **सीमा पति हेमचंद** निवासी **हाल मुकाम वार्ड नं. 03 भिलाई 03 तहसील दुर्ग** जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर कोबिया प.ह.नं. 27 तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 71/6 रकबा 0.02 हे. भूमि को **आवासीय सह व्यवसायिक** प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17.06.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **03.06.2025** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागिय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला- बेमेतरा

## भुवालपुर के ग्रामीणों को पेयजल के लिए नापनी पड़ रही एक किलो मीटर की दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भुवालपुर के वार्ड क्रमांक 5 के बासिंदे इन दिनो पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन वार्डवासियों को पेयजल की व्यवस्था करने के लिए करीब एक किलो मीटर की दूरी नापनी पड़ रही है तब कहीं जाकर इनके प्यासे कंठ तर हो पा रहे हैं। ऐसे में शासन की हर घर नलजल योजना बेईमानी सबित होते दिखाई दे रही है। इस संबंध में वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक पांच में वार्डवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने उपलब्ध हैण्ड पंप बीते कई दिनो से बिगड़ा पड़ा है। जिसके संबंध में वार्डवासियों ने ग्राम पंचायत को और ग्राम पंचायत ने संबंधित विभाग सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी इसकी सूचना दे दी है। लेकिन आज पर्यंत बिगड़े हैण्ड पंप को बनाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके चलते वार्ड की महिलाओं को अपने और अपने परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के लिए करीब 1 किलो मीटर दूर दूसरे वार्ड जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां भी भारी भीड़ होने के कारण वार्डवासियों को बमुस्किल ही पानी मिल पाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अभी तो सूखे के दिन में महिलाएं जैसे तैसे एक किलो मीटर दूर से भी पेयजल की व्यवस्था कर रही है लेकिन आने वाले वर्षाकाल में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाएगी।

### पेज 9 के शेष

#### ग्राम अमलडीहा में सहदेव की ..

जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकरण की गंभीरता पूर्वक जांच होनी चाहिए अपराधी चाहे कोई भी हो उसे न बक्शा जाए ,जिस पर पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता पूर्वक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है इसमें किसी किस्म की कोई कोताही नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी, रामचरण साहू सरपंच, ख़ुबिराम साहू, मोहन साहू राकेश कोटवार ,कुंजबिहारी साहू, जीवन साहू , उपसरपंच ज्योति चक्रधारी ,दिकेश्वरी साहू ,त्रिवेणी ध्रुव ,घनश्याम वर्मा ,मेहन्द्र निषाद ,अमलेश निषाद , सहित पीड़ित पक्ष के परिवारजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

#### 28 एकड़ शासकीय ...

को जेसीबी लगाकर हटाया गया।। जिसे ग्राम वासियों ने सराहनीय कदम बताया गया।

#### नालसा संचालित ...

योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूक्ता बढ़ाये जाने के लिए आवश्यक विभागों को एक प्लेटफार्म पर एकत्रित किया गया है ताकि समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम शिविर का आयोजन कर लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने एवं जानकारी का सही लाभ प्रदान प्राप्त किया जा सकें । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रशासनिक सहयोग एवं समन्वय पर आश्वस्त किया।



## खबर संक्षेप



### स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार, पांच गिरफ्त में

**भिलाई।** शहर के स्पा सेंटर के आड में देह व्यापार का कारोबार करने वाले संचालको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने तीन पुरुष और दो महिला को गिरफ्तार किया है। घटने का खुलासा करते हुए एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि सूर्या मॉल स्थित स्पों सेंटरों में अवैध रूप से देह व्यापार कराये जाने को लेकर सूचना मिली थी। पुलिस ने टीम बनाकर प्वॉइंटर भेजकर दबिश दिया। यहां कुल 8 स्पॉ सेंटरों में दबिश दी गई। जिसमें ब्लू एलीजा स्पा सेंटर की सिकोला भाठा दुर्ग निवासी संचालिका अहिल्या सागरवंशी, सेंस स्पों सेंटर संचालिका पावर हाउस निवासी पूजा सुधु के स्पा सेन्टर को चेक किया। यहां कई आपत्तिजनक वस्तु और पाँच नग रजिस्टर भी मिले है। नगद दो हजार रुपए, स्पा सेंटर के कमरे से कस्टमर नवागावं जिला धमतरी निवासी योगेश कुमार देवागन, फिगेशवर जिला गरियाबंद संतोष कुमार देवांगन, राजिम जिला गरियाबंद कमलेश देवांगन पकड़े गए है। इनके पास से आपत्तिजनक वस्तु और विभिन्न कम्पनी के तीन मोबाईल जप्त किया गया है। आरोपियों अहिल्या सागरवंशी, पुजा सुधु, योगेश कुमार देवांगन, संतोष देवांगन, कमलेश देवांगन के खिलाफ पुलिस ने अनैतिक देह व्यपार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3,4,5,7 साथ के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा एलोरा स्पा सेटरों संचालिका पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सीबीआई का अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर ठगी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रगति नगर रिसाली निवासी नम्रता चन्द्राकर को 29 अप्रैल को सीबीआई का अधिकारी बनकर पीड़िता के पिता को वीडियो काल कर केनरा बैंक के खाते को नरेश गोयल को बेचने का आरोप लगा कर दो करोड़ रुपए का मनी लाडिंग होने का झांसा दिया था। झांसा देकर पीड़िता के पिता से 54 लाख 90 हजार रुपए का ठगी किया गया था। पुलिस में घटना की शिकायत करने पर जांच किया गया।

## आयोजन

प्रवेश उत्सव में बच्चों का गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर किया स्वागत

# मोहरेंगा के जिला शाला प्रवेशोत्सव में मंत्री बघेल ने छात्र-छात्राओं का किया अभिनंदन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करने के उद्देश्य से ग्राम मोहरेंगा विकासखंड बेमेतरा विधानसभा नवागढ़ स्थित पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

- शाला प्रवेश उत्सव में छाया सांस्कृतिक रंग, खाद्य मंत्री ने दी 10 लाख की सौगात

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक दयालदास बघेल रहे । साथ ही विशेष अतिथि के रूप में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा हेमा दिवाकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, पंच-सरपंच, शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को सायकिल वितरित की

मंत्री बघेल ने शाला में नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक गुलाल तिलक एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया एवं सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 10 बालिकाओं को सायकल वितरित की गई।कार्यक्रम में बच्चों के लिए प्रेरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं लोकनृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इन प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मंत्री बघेल ने प्रतिभागी छात्राओं को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर की चारदीवारी निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा भी की।

खाद्य मंत्री बघेल और अतिथियों ने परिसर में वृक्षारोपण किया । इस दौरान मंत्री बघेल ने कहा शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। 'हर बच्चा स्कूल जाए' का यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं।

### शिक्षा भविष्य की नींव

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की नींव है। ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करने के लिए ऐसे आयोजनों का महत्वपूर्ण योगदान है । मंत्री ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी आवश्यक है। विद्यालय प्रारंभिक जीवन की दिशा तय करता है, अतः सभी पालक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें।

उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि बच्चा स्कूल से आए तो उससे स्कूल में क्या पढ़ाया जानकारी भी लें। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न होती है और पालकों में जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने का सशक्त उपकरण है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें प्रेरणा देने का भी कार्य करें। विधायक ईश्वर साहू, प्रह्लाद रजक ने भी संबोधित किया ।

## आत्मानंद स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया, किया छात्रों को स्वागत



**बेमेतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सोमवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलाल राठी स्कूल बेमेतरा में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने नव प्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि शिक्षा एक अच्छे समाज की नींव है। शिक्षा समाज का दर्पण है और इसके बिना समाज की दिशा तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों ने शासकीय शिक्षा व्यवस्था में नई क्रांति लाई है। यहां अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है और परीक्षाफल भी सराहनीय हैं। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर के शासकीय स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नव प्रवेशी छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, जागरूकता फैलाना और उनकी प्रतिभा को मंच देना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्हें कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास करने की सीख दी।

**कार्यक्रम में ये रहे विशेष रूप से उपस्थित:** विकास तंबोली, गौरव साहू, नीतू कोठारी, लक्की साहू, सीमरन ताम्रकार, ललिता कश्यप, जितेंद्र साहू, शैलेंद्र बाघ, राहुल साहू, नीलेश साहू, सुरेंद्र साहू, देवेंद्र ठाकुर, रामकुमार साहू, मंजू विश्वकर्मा, सरिता सूर्यवंशी, प्रिया शर्मा, वंदना साहू सहित विद्यालय का समस्त शिक्षकीय स्टाफ, अभिभावकगण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बरगा के प्रवेशोत्सव में बांटी गई मिठाइयां



**बेमेतरा।** ग्राम बरगा के प्राथमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर एवं बाल संस्कार शिशु मंदिर में सोमवार को हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में विद्यालय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं भगवान श्री गणेश जी की पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ हुई।

सभी विद्यार्थियों के माथे पर तिलक लगाकर प्रसाद बांटी गई। शुभ अवसर पर विद्यालय के परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा एवं स्कूल के पहले ही दिन से विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। बाल संस्कार विद्यालय में आरटीई के अंतर्गत नवप्रवेशित बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म व पाठ्यपुस्तकें ग्राम प्रमुख व कोटवार ईश्वर गंधर्व के करकमलों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय में नवनिर्माण जैसे उल्लास का माहौल देखने को मिला। समस्त शिक्षकों की उपस्थिति व ऊर्जा भी प्रेरणादायक रही। विद्यालय के प्रमुख ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्नेह भरा स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान, श्री गणेश स्तुति, गुरुवंदना, हनुमान चालीसा, हे प्रभु आनंददाता, तथा श्री गुरुष्टकम का समवेत पाठ किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय एवं संस्कारमय बन गया।

## मनियारी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया, एचएम ने बच्चों का कराया मुंह मीठा



**बेरला।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को लेकर स्कूल में उत्सव के रूप में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के परिपालन में 16 जून 2025 को नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस बेरला विकासखण्ड सहित सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

इस दौरान शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मनियारी में आयोजित शाला प्रवेश के कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सुबह शाला खुलते ही बच्चे व अथितिगण, सहित नवप्रवेशित बच्चों का आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रधान पाठक बच्चों को तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जहां बच्चे उत्साह के साथ शाला में प्रवेश किए। इस दौरान उन्होंने निःशुल्क किताब और स्कूल गणवेश भेंट किया। शाला प्रवेश करने वाले सभी बच्चे उत्साहित नजर आए। यहां बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से शाला प्रवेश उत्सव का आनंद लिया। वही प्रधान पाठक कहाँ कि आज शाला प्रवेश उत्सव में सभी विद्यार्थियों का स्वागत है इसके लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा की शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बच्चों कि शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है, समूह के बच्चे को समुचित शिक्षा प्रदान किया जाना है, उस दृष्टिकोण से हम सभी शालाओं में बुनियादी सुविधा एवं शिक्षकों कि उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिक्षक कि राह में आने वाली बाधा को हम सब मिलकर दूर करेंगें। राष्ट्र में शिक्षा के क्षेत्र मे समस्त अधोसंरचनाएं सुविधाओं का विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस महाअभियान में आप सभी का सहयोग सर्वमान्य होगा। हम अपने बच्चों का भविष्य खूबसूरती से सवारेंगें। राष्ट्र शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पाने हम सभी प्रयास करेंगे और इस प्रवेश उत्सव के माध्यम से अपने अपने क्षेत्र में सुविधानुसार एवं शत प्रतिशत बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाएंगे।

## नवागढ़ में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाने के उद्देश्य से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

यह अभियान 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसके तहत पूरे विकासखंड में व्यापक जनजागरूकता व बचावात्मक उपायों को अमल में लाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा, जीवनदीप समिति सदस्य आकाश दीवान और सम्पत लाल साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर यूआर ध्रुवे ने उपस्थित हितग्राहियों को कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्ययोजना और कार्यान्वयन की जानकारी दी घर-घर पहुंचेगा जीवनरक्षक किट।

डॉ. रजा ने बताया कि इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों वाले परिवारों तक 2 पैकेट ओआरएस और 14 जिंक की गोलियां पहुंचाई जाएंगी। स्वास्थ्य अमला घर-घर जाकर इनका वितरण करेगा और उपयोग की विधि भी समझाएगा। साथ ही डायरिया से बचाव के लिए हाथ धोने की तकनीक का डेमो भी दिया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी और स्कूलों में ओआरएस कॉर्नर बनाए गए हैं। यहां ओआरएस घोल बनाने, उसका सही उपयोग करने और जिंक की गोली के महत्व पर जागरूकता फैलाई जा रही है। बच्चों को भी स्कूलों में हाथ धोने की सही विधि सिखाई जा रही है ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके। इस अभियान को सफल बनाने में डॉ. रोशन साहू, डॉ. क्षितिज शुक्ला, डॉ. भोजराम चंद्राकर, डॉ. प्रकाश रातड़े, डॉ. प्रमोद साहू, बीईटीओ यू.आर. ध्रुवे, प्रमोद साहू, नीता साहू, खिलावन दास टंडन, सुनील, असहेंद्र, संतोषी कुर्रे, सपना यादव, भानु बंजारे, रिया सिन्हा सहित समस्त चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और सीएचसी नवागढ़ के कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

## बीजागोड़ में बच्चों की आरती उतारी और मिठाई खलाई, मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखंड साजा में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर /"बाल देवो भवः/" को चरितार्थ करते हुये शाला परिवार ने बच्चों की आरती उतारकर, गुलाल से तिलक करके, क्राफ्ट पेपर से फूल बनाकर भेंट किया। तथा ग्रीटिंग कार्ड के अनोखे तरीके गले लगना, प्रणाम, पिंकी शेक, हेलो, हाथ मिलाना, हाई फाई जैसी मजेदार गतिविधियों से बच्चों का स्वागत किये। ग्राम के सरपंच ईश्ववर वर्मा के द्वारा ज्ञान की देवी माँ शारदे की पूजा अर्चना की गई बच्चों को मिठाई खिलाकर गणवेश वितरित किया गया। मध्यान्ह भोजन में आज बच्चे खीर पूडी पाकर बहुत ही आनंदित हुये। शाला परिवार प्रतिवर्ष शालाप्रवेशोत्सव को यादगार बनाने के लिए नये नये उदीम करते रहते हैं।पिछले वर्ष बच्चों की हथेलियों के चिन्ह एवं पाँवों के पदचिन्ह ड्राइंगशीट में लेकर कक्षा की दीवारों पर लगाये जिसे बच्चे देखकर बहुत आनंदित होते हैं इसी कड़ी में इसवर्ष शाला परिवार ने क्राफ्ट पेपर से फूल बनाकर बच्चों को भेंट किया। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा कहती है कि जब नन्हें बच्चें पहली बार विद्यालय आते हैं तो उनके परिवार की विद्यालय से कई उम्मीदें जुड़ी रहती है। जैसे बगिया विभिन्न प्रकार के फूलों से सजती महकती है उसी प्रकार विद्यालय रुपी बगिया के ये नन्हें फुल हैं जिन्हें हम शिक्षा के ज्ञान से सींचते हैं, प्यार दुलार और संस्कारों की थपकी देकर देखभाल करते हैं। विद्यालय में बच्चों का नैतिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास होता हैं। इस नन्हें फूलों के प्रथम दिवस को यादगार बनाना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रधानपाठक विशेषसर नेताम, सरपंच बीजागोड़ ईश्वर वर्मा, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा एवं रसोइया बहनें सुमित्रा और संगीता यादव उपस्थित रहे।

## स्टॉप डायरिया जिला स्तरीय अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

# शुद्ध पेयजल, व्यक्तिगत स्वच्छता और जागरूकता से डायरिया होगा नियंत्रित

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| बेमेतरा





जिला चिकित्सालय परिसर स्थित 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में स्टॉप डायरिया अभियान 2025 का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ के निर्देशानुसार एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक निराला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, अस्पताल सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, टीकाकरण कार्यालय सहायक देवेंद्र नामदेव, अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को 2 ओ.आर.एस. के पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का वितरण किया गया। साथ ही अभिभावकों को इनका सही तरीके से सेवन कराने की विधि बताई गई। ओ.आर.एस. घोल बनाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। डॉ. कोहाड़े द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि हाथ धोने की आदतों से डायरिया की रोकथाम की जा सकती है। शौच के बाद, भोजन पकाने या खाने से पहले, बच्चों को खाना खिलाने से पहले, मल साफ करने के बाद, कूड़ा या जानवरों को छूने के पश्चात हाथ धोना आवश्यक है। हाथ धोने की 6 चरणीय विधि का प्रदर्शन मितानिनों द्वारा किया गया।

**अभियान 31 जुलाई तक जारी रहेगा :** इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान जिले में 0 से 5 वर्ष के कुल 1,07,074 बच्चों को 2 ओ.आर.एस. पैकेट एवं आवश्यकता अनुसार जिंक टेबलेट का वितरण किया जाएगा। एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर बच्चों की निगरानी, डायरिया प्रभावित बच्चों की पहचान एवं प्राथमिक उपचार हेतु ओ.आर.एस. व जिंक का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही घर में ओ.आर.एस. घोल तैयार करने एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग हेतु जनजागरूकता की जाएगी।

### हाथ धोने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता एवं हाथ धोने की विधि का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसे विभाग इसमें सहभागिता करेंगे। जिले के समस्त शासकीय एवं पंजीकृत निजी अस्पतालों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क ओ.आर.एस. कॉर्नर स्थापित किए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है ताकि डायरिया से ग्रसित मरीजों को शीघ्र उपचार मिल सके। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की कि स्टॉप डायरिया अभियान के दौरान स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल एवं दी जा रही सेवाओं का भरपूर लाभ लें एवं डायरिया की रोकथाम में प्रशासन का सहयोग करें। यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है जो जनसहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों से सफल होगा।

